प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 23.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. जमीन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में रांची में इडी की दबिश, जमीन कारोबारियों के कई ठिकानों पर छापेमारी जारी।
2. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत के सात वर्ष पूरे, 2018 में रांची से शुरू हुई थी विश्व की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दिल्ली दौरे पर, सारंडा को सेंक्चुरी घोषित नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को लेकर विधि विशेषज्ञों की ले सकते हैं राय।
4. भाजपा ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग में टेंडर घोटाला का लगाया आरोप, झामुमो और कांग्रेस ने कहा– हेमंत सरकार की लोकप्रियता से घबरा गया है विपक्ष।
5. नवरात्रि के दूसरे दिन रांची समेत राज्यभर के देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरुप की हो रही है पूजा।

**********************

ईडी की टीम ने आज सुबह राजधानी रांची में कई जगहों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है। यह कार्रवाई जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी की टीम कांके रिसॉर्ट, सुखदेव नगर, अशोक नगर और कडरू में अलग–अलग ठिकानों पर पहुंचकर दस्तावेजों की जांच कर रही है।

**********************

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत के आज सात वर्ष पूरे हो गए। सितंबर 2018 में रांची से शुरू की गई यह विश्व की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। इस योजना से देश की स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इससे 55 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। यह परिवारों को पांच लाख का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है, जिससे देश भर में कैशलेस और कागज़ रहित उपचार संभव हो पाया है। इस योजना के तहत अब तक दस करोड तीस लाख से अधिक लोगों ने अस्पतालों में पंजीकरण करावाया है। एक करोड़ 48 लाख लोगों को कैशलेस की सुविधा दी गई।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली के दौरे पर हैं। वे आज सारंडा सेंक्चूरी मामले में विधि विशेषज्ञों से राय ले सकते हैं। सारंडा को सेंक्चूरी घोषित नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखायी है और 8 अक्तूबर को मुख्य सचिव को तलब किया है। श्री सोरेन की कुछ केन्द्रीय मंत्रियों से भी मुलाकात हो सकती है।

**********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के 11 जिलों में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के संरक्षण में टेंडर घोटाला का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में इस टेंडर घोटाले में तुष्टिकरण का भी आरोप लगाया है।

**********************

भाजपा के इस आरोप सत्ताधारी दल झामुमो और कांग्रेस ने पलटवार किया है। झामुमो के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि विपक्ष हेमंत सोरेन सरकार की लोकप्रियता से घबरायी हुई है और इसी कारण वह लगातार बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भी कहा है कि भाजपा को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कुछ कहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

**********************

धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर 41 लाख रुपये के साथ आरपीएफ ने दो लोगों को पकड़ा है। रुपये दो बैग में भरे थे। लगेज स्कैनर में बैग की जांच के दौरान कैश पकड़ा गया। पकड़े गये दोनों व्यक्ति बिहार

के रोहतास जिले सूर्यपुरा के रहने वाले हैं। रकम बड़ी होने के कारण आरपीएफ ने इनकम टैक्स विभाग को सूचना दी। इनकम टैक्स की अनुसंधान विंग की टीम पहुंची और नगद के साथ पकड़े गए दोनों व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपने को गल्ला व्यापारी बताया। मामले की जांच जारी है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा करेंगे कि मोदी सरकार ने किस तरह कल्याणकारी उपायों, सामाजिक सुरक्षा और वित्तीय समावेशन के माध्यम से अनौपचारिक क्षेत्र को मज़बूत किया है।

*********************

जामताड़ा जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*********************

घरेलू शेयर बाजार में आज गिरावट का रुख है। अब से कुछ देर पहले बम्बई शेयर बाजार का सेंसेक्स 373 अंक गिरकर 81 हजार 787 पर था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 112 अंक नीचे आकर 25 हजार 90 पर कारोबार कर रहा था।

*********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 4 हजार 600 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 39 हजार रुपये प्रति किलो है।

*********************

नवरात्रि के दूसरे दिन रांची समेत राज्यभर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आज मां दुर्गा के नौ रुपों में एक ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा हो रही है। ऐसी मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी की आराधना से घर में सुख–शांति और सौभाग्य आता है और ग्रह–नक्षत्रों के अशुभ प्रभाव से मुक्ति भी मिलती है।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज रुक–रुक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखायी पड़ रहा है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम के अलावा सिमडेगा और सरायकेला–खरसावां जिले में भी आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार कल रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में भी भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************